दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 18 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 51

# झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान शहीद, दो अन्य घायल

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के चाईबासा में माओवादी नक्सलियों द्वारा शुक्रवार को किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया है, जबकि एक अफसर एवं एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है।

शहीद हुए जवान का नाम संतोष उरांव बताया गया है। वे सीआरपीएफ 94 बटालियन के जवान थे। घायलों में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के एजेतो तिने और कांस्टेबल जयंता नाथ शामिल हैं। दोनों नॉर्थ ईस्ट के रहने वाले हैं।

बताया गया कि सीआरपीएफ की टीम चाईबासा के हाथीबुरू जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा जमीन के नीचे लगाई गई आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हुआ। बटालियन के तीन लोग इसकी चपेट में आए। गंभीर रूप से घायल हुए कांस्टेबल संतोष उरांव ने इलाज के लिए लाए जाने के दौरान दम तोड़ दिया।



चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया है कि दोपहर के समय नक्सल अभियान पर निकले सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी ब्लास्ट किया गया है। चाईबासा में नक्सलियों ने बीते अगस्त महीने से अब तक कम से कम आधा दर्जन बार आईईडी ब्लास्ट के जरिए सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। इस दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों के चार अधिकारी-जवान शहीद हो चुके हैं।

बीते 28 सितंबर को जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास किए गए विस्फोट में एक जवान की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे।

इसी तरह पिछले 14 अगस्त को टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर और जगुआर फोर्स के एक जवान शहीद हो गये थे। इसी तरह बीते 13 सितंबर को भी कोल्हान के जंगल में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर सीआरपीएफ का सामान ले जा रहे ट्रैक्टर को उड़ा दिया था, जिसमें टैक्ट्रर के खलासी की मौत हो गई थी, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की टीम पर नक्सली हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में आज दूसरे और अंतिम चरण के लिए 70 सीटों पर मतदान हो रहा है। इस बीच धमतरी में सीआरपीएफ की टीम पर नक्सली हमले की खबर सामने आ रही है। गश्त पर निकले सीआरपीएफ की टीम पर नक्सलियों ने एक के बाद एक आईईडी ब्लास्ट किए। इस दौरान बाइक में सवार 2 सीआरपीएफ जवान बाल-बाल बचे। सुरक्षाबलों की टीम मतदान दल को सुरक्षा प्रदान करने निकली थी। मौके पर दो आईईडी होने की पुष्टि हुई है। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए यह ब्लास्ट किया गया था। कल ही नक्सलियों के द्वारा मतदान बहिष्कार के बैनर-पोस्टर लगाए गए थे। इसे देखते हुए चुनाव आयोग द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में एक कांग्रेस समर्थक की हत्या होने का मामला सामने आया है। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा मामला दर्ज कराने थाने पहुंचे। विक्रम सिंह का आरोप है कि मौत के बाद भी थाने में एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है।

## कुलगाम में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता, लश्कर के 5 आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के डी.एच. पोरा इलाके में सुरक्षा बलों के साथ चल रही मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने कहा, कुलगाम पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया। इनसे आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को गोलीबारी शुरू हुई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को घेरने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। हाल के दिनों में पूरे कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सिलसिलेवार मुठभेड़ हुई हैं, इसमें कई आतंकवादियों का सफाया किया गया है।आईजीपी कश्मीर विके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा बलों को कुलगाम में कुछ आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में एक खुफिया इनपुट मिला था। तलाशी अभियान के दौरान, एक आतंकवादी ने एक घर से गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकवादी मारे गए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिंदगी का आखिर मतदान : पोलिंग बूथ पर वोट डालते ही महिला को आया अटैक, थम गई सांसें

**आगर मालवा (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश इलेक्शन वोटिंग 2023 मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटों पर 2,533 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करने के लिए आज मतदान हो रहा है। सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरु हो गई है। जो शाम 6 बजे तक होगी। इस बीच आगर मालवा जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जहां मतदान के दौरान हार्ट अटैक आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद पोलिंग बूथ हडक़ंप मच गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना जिले की सुसनेर विधानसभा के ग्राम धरोला की है। जहां काशीबाई भेरूलाल मालवीय उम्र 65 मतदान क्रमांक 165 पर वोट डालने गई थी। मतदान के बाद लौटने के दौरान मतदान बूथ पर ही बुजुर्ग महिला को हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने महिला के शव को उसके घर पहुंचाया। फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 60 लाख 58 हजार 521 है. इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 88 लाख, महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 72 लाख है। नक्सल प्रभावित होने की वजह से बालाघाट जिले की बैहर, लांजी और परसवाड़ा, मंडला जिले की बिछिया और मंडला सीटों के 55 बूथों और डिंडोरी जिले के 40 मतदान केंद्रों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा।

### बिहार में अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट, 3 लोग बुरी तरह झुलसे

**गोपालगंज (आरएनएस)।** बिहार के गोपालगंज जिले के श्रीपुर ओपी क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से काम कर रहे तीन बाल मजदूर बुरी तरह झुलस गए। वहीं, घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पटाखा बनवा रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिदहा खाप के एक मकान में शाम को विस्फोट होने की खबर मिलने के बाद पुलिस पहुंची। बताया जाता है कि जिस घर में विस्फोट हुआ, वहां अवैध पटाखा बनाने का काम चल रहा था। इस घटना में काम कर रहे तीन किशोर बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान गिदहा खाप गांव के निवासी मंगरू सहनी के पुत्र पवन कुमार, हृदया सहनी के पुत्र नीतीश कुमार तथा सिकंदर सहनी के पुत्र पीयूष कुमार के रूप में की गई है।

### फिलीपींस में 7.2 तीव्रता का भीषण भूकंप

**मनीला ।** दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर 7.2 तीव्रता का जबरदस्त भूकंप आया, हालांकि जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, अपतटीय भूकंप स्थानीय समय के अनुसार शुक्रवार शाम 4.14 बजे आया। भूकंप का केंद्र दावाओ ऑक्सिडेंटल क्षेत्र में सारंगानी शहर से लगभग 30 किमी दक्षिण पश्चिम में भूतल से 10 किमी की गहराई पर था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद अभी और झटके आएंगे तथा नुकसान होगा। इस बात की भी तत्काल कोई जानकारी नहीं है कि भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी हुई है या नहीं।

## पति-पत्नी ने अपनी 4 साल की बेटी को फांसी पर लटकाया, फिर खुद उठाया ये खौफनाक कदम

**हैदराबाद (आरएनएस)।** एक चौंकाने वाली घटना में, हैदराबाद में एक दंपति ने पहले अपनी चार साल की बेटी को फांसी पर लटका दिया और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। घटना शहर के मुशीराबाद इलाके में हुई। साईं कृष्णा और चित्रकला ने गंगापुत्र कॉलोनी में अपने किराए के घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने से पहले अपनी बेटी तेजस्वी को फांसी पर लटका दिया।



घटना का पता शुक्रवार सुबह चला जब एक पड़ोसी ने सुबह दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसने पुलिस को सूचित किया, जिसने दरवाजा तोड़ा और तीनों को लटका हुआ पाया। आंध्र प्रदेश के रहने वाले इस जोड़े ने दीवारों पर यह चरम कदम उठाने का कारण लिखा।

धन के दुरुपयोग के आरोप में चित्रकला को एक निजी संस्था में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ अन्याय हुआ और उच्चतम स्तर पर गुहार लगाने के बावजूद न्याय नहीं मिला। साईं कृष्णा एक ऐप-आधारित सेवा में ड्राइवर के रूप में काम कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि दंपति ने गुरुवार को यह कदम उठाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

## नौकरी के बदले जमीन मामला : दिल्ली की अदालत ने एके इंफोसिस्टम्स के प्रमोटर अमित कात्याल की बढ़ाई ईडी हिरासत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने एके इंफोसिस्टम्स के प्रमोटर अमित कात्याल की प्रवर्तन हिरासत (ईडी) बढ़ा दी, जिन्हें पिछले हफ्ते कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। कात्याल पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव की ओर से उम्मीदवारों से कई जमीनें हासिल करने का आरोप लगाया गया है।

उन्हें पहले हिरासत में लिया गया और बाद में वित्तीय जांच एजेंसी ने 11 नवंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट



की विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने कात्याल को उनकी दो दिन की रिमांड खत्म होने पर 22 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। दक्षिणी दिल्ली की पॉश न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में कात्याल के परिसर को एके इंफोसिस्टम्स के कार्यालय के रूप में घोषित किया गया था, लेकिन राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा आवासीय परिसर के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है।

ईडी ने इस साल 31 जुलाई को राजद नेता राबड़ी देवी, मीसा भारती (लालू यादव की बेटी), विनीत यादव (लालू की बेटी हेमा यादव के पति), शिव कुमार यादव (हेमा यादव के ससुर), ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की 6.02 करोड़ रुपये की छह अचल संपत्तियों को कुर्क किया था। दोनों कंपनियां लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों के स्वामित्व और नियंत्रण में हैं।

कुर्क की गई संपत्तियों में डी-1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली में स्थित आवासीय परिसर शामिल है, जिसका स्वामित्व एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। पटना के महुआबाग (दानापुर) में स्थित दो भूमि पार्सल, जिनमें से एक राबड़ी देवी और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में है, को भी कुर्क किया गया है।

कंपनी का पंजीकृत पता डी-1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली है, जो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों का घर है। अमित कात्याल द्वारा उक्त कंपनी में कई अन्य जमीनें भी देने के बदले में हासिल की गई थीं। एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया, जब लालू प्रसाद यादव रेलमंत्री थे, तब उन्होंने उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाया। इसमें कहा गया है कि जमीन अधिग्रहण के बाद, उक्त कंपनी के शेयर 2014 में लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित कर दिए गए थे।

## अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी जीप : 8 लोगों की मौत, दो गंभीर

**नैनीताल (आरएनएस)।** नैनीताल जिले के छीड़ाखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर ओगलकांडा के पास पिकअप दुर्घटना मे आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



ये हादसा आज सुबह 8 बजे के लगभग हुआ। ओखल कांडा गांव के पास सुबह 8 बजे एक जीप अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने बचाव कार्य शुरू कर दिया। 8 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 2 लोग घायल हैं।

दुर्घटना का कारण जीप में क्षमता से अधिक लोगों का सवार होना बताया जा रहा है जिस कारण जीप भार सम्भाल नही पाई और अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में तीन महिलाओं, एक बच्चे और तीन पुरुषों की मृत्यु हो गई व 3 लोग गम्भीर रूप से घायल हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ खराब होने के चलते वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा होगा। मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंच चुके है। शवों को बाहर निकाला जा रहा है।

### मातम में बदली खुशियां: शादी समारोह से लौट रही कार की ट्रक से भीषण भिड़ंत, पांच लोगों की मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में धारापुरम के पास मनकादावु गांव में ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दो जोड़ों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पीड़ित डिंडुगुल जिले के पलानी में एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद घर लौट रहे थे जब यह हादसा हुआ। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। जबकि दो दंपत्ति बालकृष्णन (65) और उनकी पत्नी सेल्वी (50) और तमिल मणि (50) और उनकी पत्नी चित्रा (45) सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कलारानी (55) की धारापुरम सरकारी अस्पताल में ले जाने के बाद मौत हो गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। पुलिस के अनुसार, पीड़ित परिवार एक शादी में भाग लेने के बाद पलानी से धारापुरम लौट रहा था। इस दौरान उनकी कार एक तेल टैंकर लॉरी से टकरा गई। पुलिस ने करूर के रहने वाले लॉरी चालक सेल्वम (29) को गिरफ्तार कर लिया है।




## आग का गोला बनी चलती हुई कार, चालक ने कूदकर बचाई जान

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ जनपद में मोदीपुरम के पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक कार अचानक आग का गोला बन गई। हालांकि कार चालक किसी तरह बाहर निकल गया और अपनी जान बचा ली। इस दौरान वहां मौजूद दुकानदारों में भी हडक़ंप मच गया।

बागपत के गांव किरठल का रहने वाला राजीव पुत्र राजेंद्र अपनी टाटा जेस्ट गाड़ी संख्या नंबर यूपी-17 ऐ. टी 4126 में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जिटौली फ्लाईओवर के नीचे बने सीएनजी पंप पर गैस भरवाकर बुकिंग लेने के लिए निकला था। जब उसकी कर पंप से कुछ ही दूरी पर पहुंची तो कार में आग लग गई। वहीं, आग लगती देख चालक राजीव अपनी कार को सडक़ किनारे लगाकर भाग निकला। देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई। वहीं, कार में आग लगती देख आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों को छोडक़र भाग निकले।

सूचना पर पहुंची डायल-112 ने सीएनजी पंप पर आने वाले सभी वाहनों को रुकवाया और इसकी सूचना पल्लवपुरम थाना पुलिस को दी। चालक राजीव ने बताया कि वह कल अपनी कार से मेरठ बुक लेकर आया था और आज बुक लेकर जाने वाला था। इससे पहले वह जिटौली फ्लाईओवर के नीचे सीएनजी पंप पर गैस भरवा कर जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

**उत्तरकाशी टनल हादसा**

## छठे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन रूका, इंदौर से मंगाई जा रही तीसरी मशीन

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल हादसे का शुक्रवार को छठा दिन रहा। टनल में फंसे 40 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकलने के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। लेकिन, रेस्क्यू ऑपरेशन पर ब्रेक लग गया है।

दूसरी ऑगर मशीन से भी रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा नहीं हो पाया है। इसके साथ ही टनल में पाइप लाइन बिछाने का काम भी रूक गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी ऑगर मशीन की बेयरिंग खराब हो गई है। जिसके कारण मशीन पाइप पुश नहीं कर पा रही है। टनल के अंदर अब तक 22 मीटर ही खुदाई की गई है। सुरंग में पांच पाइप ड्रिल करने के



बाद डाले जा चुके हैं। अब, इंदौर से तीसरी मशीन मंगाई जा रही है। इस बीच अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी आपदा कंट्रोल रूम पहुंची और उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन का अपडेट लिया।

देहरादून आपदा कंट्रोल रूम में रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिया है कि लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर रखी जाए। टनल में फंसे हुए सभी श्रमिक पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उम्मीद है कि जल्द ही सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। उन्हें बेहतर मेडिकल ट्रीटमेंट देने की भी पूरी व्यवस्था है। सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

टनल में फंसे हुए मजदूरों को निकालने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ ही प्रदेश की भी तमाम एजेंसियां मोर्चा संभाले हुए हैं। टनल में फंसे श्रमिकों के लिए भोजन, ऑक्सीजन और बिजली उपलब्ध कराई गई है। उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उनकी परिजनों से लगातार बात भी कराई जा रही है।

## नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ, व्रतियों ने गंगा में लगाई डूबकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 17 नवंबर शुक्रवार से छठ महापर्व का शुभारंभ हुआ है। छठ पूजा का पहला दिन नहाय खाय है। जो लोग व्रत रखते हैं, वे नहाय खाय से छठ पूजा की शुरूआत करते हैं। इस दिन सात्विक भोजन करते हैं ताकि तन और मन से शुद्ध हो। नहाय-खाय कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को होता है, पंचमी को खरना और षष्ठी को शाम के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। आज सुबह 06:45 बजे से भद्रा है, वहीं रवि योग देर रात 01 बजकर 17 मिनट से लगेगा। काशी के ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट से जानते हैं छठ पूजा के पहले दिन के शुभ मुहूर्त और नहाय खाय के नियम के बारे में।



नहाय खाय वाले दिन व्रती सुबह में स्नान ध्यान से निवृत होते हैं। इस दिन व्रती को साफ कपड़े पहनना चाहिए। दैनिक पूजा पाठ करते हैं। फिर उनको भोजन के लिए लौकी की सब्जी, चने की दाल, सेंधा नमक, चावल और मूली दिया जाता है। हालांकि कुछ स्थानों पर अरहर की दाल बनाई जाती है। आज व्रती को सिर्फ यही खाना होता है। रात के खाने में भी यही भोजन मिलता है। नहाय खाय के दिन भोजन करने से पहले गणेश जी और सूर्य देव को भोग लगाते हैं। फिर स्वयं भोजन ग्रहण करते हैं। फिर अगले दिन खरना होगा।

जो लोग व्रत रखते हैं, उनको नहाय खाय के दिन से सात्विक जीवन व्यतीत करना होता है। उनको पान, तंबाकू, शराब, मांस आदि जैसी तामसिक वस्तुओं से दूरी बनाकर रखनी होती है। ब्रह्मचर्य के नियमों का सख्ती से पालन करना होता है। व्रती को छठ पूजा में बिस्तर पर सोना मना होता है। नहाय खाय के दिन से घाटों की साफ-सफाई होती है। छठी मैया के स्थान को सजाया जाता है।